प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 10 | सोमवार 29 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## जनवरी में मनायी जायेगी स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि की जन्म शताब्दी, पीएम मोदी ने घोषणा

(एजेंसी) भुवनेश्वर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि अगले महीने स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि का जन्म शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। पीएम मोदी ने ओडिशा की मूल निवासी गिरि को स्वतंत्रता संग्राम एवं समाज सुधार के प्रति उनके समर्पण को लेकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मोदी ने वर्ष के अंतिम श्मन की बातश कार्यक्रम में गिरि का नाम लिया। मोदी ने कहा कि देश के हर हिस्से के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया, लेकिन दुर्भाग्य से कई नायकों, चाहे वे पुरुष हों या महिला, को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे।



उन्होंने कहा, ''ओडिशा की पार्वती गिरि जी ऐसी ही एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। उनकी जन्म शताब्दी जनवरी 2026 में मनाई जाएगी। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। स्वतंत्रता संग्राम के बाद पार्वती गिरि जी ने अपना जीवन समाज सेवा और आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''उन्होंने कई अनाथालय स्थापित किए। उनका प्रेरणादायक जीवन हर पीढ़ी का मार्गदर्शन करता रहेगा। मैं पार्वती गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'' उन्होंने कहा कि देश अगले महीने 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा, ऐसे में जब भी ऐसे अवसर आते हैं, लोगों के दिल स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता से भर जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों का यह दायित्व है कि वे अपनी विरासत को न भूलें। उन्होंने कहा, ''हमें उन नायकों, चाहे वे पुरुष हों या महिलाएं, की महान गाथा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा, जिन्होंने हमें स्वतंत्रता दिलाई।'' मोदी ने कहा कि जब भारत ने स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाई, तो सरकार ने एक विशेष वेबसाइट बनाई तथा उसमें एक खंड शगुमनाम नायकोंश को समर्पित था। मोदी ने कहा,''इस वेबसाइट पर जाकर उन महान हस्तियों के बारे में जाना जा सकता है जिन्होंने हमारे देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।''

### अरावली पहाड़ी परिभाषा विवाद: उच्चतम न्यायालय में सोमवार को होगी सुनवाई

(एजेंसी) नयी दिल्ली। अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है और वह सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायामूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 20 नवंबर को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार करते हुए, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले अरावली क्षेत्रों में विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक नए खनन पट्टों के आवंटन पर रोक लगा दी थी। अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था। समिति के अनुसार, ''अरावली पहाड़ी'' को उन चिह्नित अरावली जिलों में मौजूद किसी भी भू-आकृति के रूप में परिभाषित किया जाएगा, जिसकी ऊंचाई स्थानीय निचले बिंदु से 100 मीटर या उससे अधिक हो। वहीं, ''अरावली पर्वतमाला'' एक-दूसरे से 500 मीटर के भीतर दो या अधिक ऐसी पहाड़ियों का समूह होगा।

## धर्मांतरण गिरोहों को नेस्तनाबूद करने के लिए एआई का इस्तेमाल करे पुलिस : सीएम योगी

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि विदेश से वित्तपोषित किये जा रहे धर्मांतरण गिरोहों को नेस्तनाबूद करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) की प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के दूसरे दिन रविवार को समापन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर अपराध पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिये।एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगती सीमाओं पर आतंकवादी गतिविधियों के नए आयामों का गहन विश्लेषण करने और निगरानी मजबूत करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं इंगित करती हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने ''अंतरराष्ट्रीय अनुदानित धर्मांतरण गिरोह'' की रोकथाम के लिए कृत्रिम मेधा, वित्तीय




लेनदेन, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को और मजबूत करने के निर्देश दिए। योगी ने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द्र प्रभावित करने वालों के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, 'डीपफेक', 'डार्कवेब', साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं खुफिया तंत्र को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द्र को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक सामग्री पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कलाम के बाद मुर्मू राष्ट्रपति ने स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में की समुद्री सैर, तस्वीरें वायरल

(एजेंसी) नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आईएनएस



वाघशीर पर सवार होकर समुद्री यात्रा कीं। मुर्मू पनडुब्बी पर सवार होकर यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले फरवरी 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से समुद्री यात्रा की थी। अधिकारियों ने बताया कि कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी पर राष्ट्रपति मुर्मू के सवार होने के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद थे। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारवार नौसेना अड्डे पर भारतीय नौसेना की स्वदेशी कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में सवार हुईं।'' पोस्ट के साथ तस्वीरें भी साझा की गई हैं जिनमें राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में प्रवेश करती और उससे पहले पहले नौसेनाकर्मियों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार करती नजर आ रही हैं। पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी, आईएनएस वाघशीर को इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। नौसेना अधिकारियों के मुताबिक यह दुनिया की सबसे शांत और बहु उद्देशीय डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है। इसे कई तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है, जिनमें सतह पर मौजूद दुश्मन से लड़ाई, पनडुब्बी रोधी अभियान, खुफिया जानकारी जुटाना, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियान शामिल हैं। यह 'वायर-गाइडेड टॉरपीडो', पोत रोधी मिसाइलों और उन्नत सोनार प्रणालियों से लैस है। यह पनडुब्बी मॉड्यूलर निर्माण तकनीक पर आधारित है जिससे भविष्य में इसे एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) तकनीक जैसी प्रौद्योगकियों से एकीकृत करने की सहूलियत मिलती है। भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के दीर्घकालिक सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए कारवार नौसेना अड्डे को विकसित कर रही है।

## अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के आंकड़ों पर उठाए गंभीर सवाल, बोले-ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आए आंकड़ें ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता संख्या में आए उतार-चढ़ाव पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से यह दावा किया गया था कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोटर कम हुए हैं, लेकिन बाद में दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है। अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अगर वास्तव में चार करोड़ वोटरों की संख्या घटी थी, तो फिर कुछ ही समय में आंकड़े कैसे बदल गए।



महज दो हफ्तों के भीतर एक करोड़ 11 लाख वोटरों की संख्या का अचानक बढ़ जाना स्वाभाविक नहीं लगता। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इतने बड़े पैमाने पर नए मतदाता पंजीकरण हुए हैं तो इसका असर जमीनी स्तर पर क्यों नहीं दिखा। न कहीं लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी व्यापक अभियान की जानकारी सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतने बड़े पंजीकरण से जुड़े कोई सीसीटीवी फुटेज या आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएंगे।अखिलेश यादव ने आशंका जताई कि कहीं ये आभासी या डिजिटल वोटर तो नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा का मंत्रिमंडल और कार्यकर्ता हाल के दिनों में अन्य आयोजनों में व्यस्त थे, तब इतने बड़े स्तर पर मतदाता पंजीकरण कैसे संभव हो पाया। सपा ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और सभी आंकड़े जनता के सामने रखे जाएं, ताकि लोकतंत्र की पारदर्शिता बनी रहे।

## मैं 50 सालों से कांग्रेस में हूं और मैंने सांप्रदायिक ताकतों से विधानसभा, संसद और संगठन, हर जगह लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ता रहूंगा : दिग्विजय सिंह

(एजेंसी) नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने अपने उस एक्स पोस्ट पर जवाब दिया है, जिसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि मुझे जो कहना था, मैंने कह दिया है और कृपया एक बात समझ लें, मैं 50 सालों से कांग्रेस पार्टी में हूं और मैंने इन सांप्रदायिक ताकतों से हर जगह लड़ाई लड़ी है, चाहे वह विधानसभा हो, संसद हो या संगठन हो। मैं इतने सालों से इन विचारधाराओं से लड़ रहा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा।दूसरी ओर दिग्विजय सिंह के पोस्ट को लेकर कांग्रेसी नेताओं के बयान भी सामने आए। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर उनके किसी ट्वीट या बयान को भाजपा तोड़-मरोड़कर पेश करती है, और आप सब भी वही करते हैं तो फिर क्या फर्क रह जाएगा? हमें ऐसे नफरत फैलाने वाले संगठन से कुछ नहीं सीखना है। कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने कहा कि दिग्विजय सिंह खुद जवाब देंगे। हमें जिस बारे में बात करनी थी, हमने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में विस्तार से चर्चा की। मनरेगा पर आंदोलन को कैसे आगे बढ़ाया जाए, लोगों तक कैसे पहुंचा जाए, कार्यकर्ताओं को कैसे संगठित किया जाए, और ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ता नेटवर्क को कैसे मजबूत किया जाए। हमने इन सभी मामलों पर चर्चा की।कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव ने कहा कि अगर किसी संगठन में कुछ ऐसा है, जिसे बेहतर और ज्यादा असरदार काम के लिए अपनाया जा सकता है, तो उसे देखने में क्या गलत है? यह संघ के बारे में नहीं है। जहां तक मुझे पता है, दिग्विजय सिंह ने साफ कहा है कि वह संघ की विचारधारा को पूरी तरह से खारिज करते हैं, वह उससे सहमत नहीं हैं। उनके बयान को संघ के समर्थन के तौर पर लेने का कोई मतलब नहीं है।उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने एक तस्वीर का जिक्र किया और कहा कि उसमें पीएम मोदी, आडवाणी के सामने जमीन पर बैठे दिख रहे हैं और उन्होंने उस पर कमेंट किया। आज, फाउंडेशन डे के मौके पर हम यहां मौजूद हैं। मैं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे को देख रहा हूं। उनका परिवार कहां से आता है? एक मजदूर परिवार का एक नौजवान, जिसका घर एक बार जला दिया गया था और तबाह हो गया था, इस देश का एक नागरिक जो अनुसूचित जाति समुदाय से है, अगर उसे वहां से उठकर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का प्रेसिडेंट बनने का मौका मिला, तो दिग्विजय सिंह भी यही कह रहे हैं कि इस तरह का सफर होना चाहिए।कांग्रेस नेता रजनी पाटिल ने कहा कि हमने अंदर जो सुना, उसके हिसाब से दिग्विजय सिंह का बयान गलत नहीं था, उन्होंने पब्लिकली जो भी कहा, वह उन्होंने आपको बताया होगा और उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मैं भी



चाहता हूं कि हमारा संगठन अंदर से मजबूत और टिकाऊ बने। लेकिन, यह बात दिग्विजय सिंह खुद भी कह सकते हैं, आप उनसे सीधे पूछ सकते हैं।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मैंने नहीं सुना कि किसने क्या कहा। संगठन के विकास की प्रक्रिया पूरे साल चल रही है। आप इसके नतीजे हर राज्य में देख सकते हैं। अलग-अलग विभाग संगठन के विकास का काम कर रहे हैं। अगर कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जिंदगी देखेगा, तो उसे समझ आएगा कि इस पार्टी में क्या संभव है। कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा कि संघ एक ऐसा संगठन है, जो नफरत फैलाता है। यह नफरत पैदा करता है और नफरत का प्रचार करता है। संघ से सीखने जैसा कुछ नहीं है।

## सेन की ट्रॉफी, सात्विक-चिराग का पदक, भारतीय शटलर्स की धमाकेदार पारी

(एजेंसी) नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव वाला रहा जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए जूझना पड़ा, लेकिन लक्ष्य सेन का एक



खिताब, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विश्व चौंपियनशिप में पदक जीतना और युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रगति ने उम्मीद की किरण भी जगाई। भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से भी जूझना पड़ा जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा। इस सत्र में भारतीय खिलाड़ियों की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि सेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताबी जीत रही। सेन ने 2023 में कनाडा ओपन के बाद पहली बार सुपर 500 खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 जीतने के बाद यह उनका पहला खिताब था। हांगकांग ओपन में वह उपविजेता रहे थे। सात्विक और चिराग ने सत्र की शुरुआत में चोट और बीमारी से जूझने के बावजूद भारत की प्रमुख युगल जोड़ी के रूप में अपनी स्थिति को फिर से स्थापित किया। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का सकारात्मक अंत किया। किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक दिखाई लेकिन वह कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए। मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहकर उन्होंने पुराने दिनों की याद दिलाई लेकिन लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म नहीं कर सके। सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने महिला युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय बैडमिंटन में वर्ष 2025 में सबसे उत्साहजनक संकेत युवा पीढ़ी से मिले। 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने अमेरकी ओपन सुपर 300 जीता और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जापान के कोदाई नाराओका, पूर्व विश्व चौंपियन लोह कीन यू, चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन और कनाडा के ब्रायन यांग पर भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की, जिससे उनकी शानदार प्रगति का पता चलता है। सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चौंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी तथा सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा को हराकर इस सत्र की सबसे शानदार जीत में से एक हासिल की। तन्वी ने गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहकर वर्ष का समापन किया। उन्नति हुडा ने विश्व जूनियर टीम चौंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतकर विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गईं। चीन मास्टर्स में पीवी सिंधू पर उनकी जीत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। गुवाहाटी मास्टर्स में संस्कार सारस्वत ने अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। भारत के सीनियर खिलाड़ियों के लिए हालांकि वर्ष 2025 काफी हद तक निराशाजनक साबित हुआ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीन बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन उन्हें छह बार पहले दौर में और चार बार दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। साल की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग की समस्या ने उनके अभियान को बाधित किया, जिसके बाद पैर में चोट लगने के कारण उन्हें अक्टूबर के बाद सभी बीडब्ल्यूएफ प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेना पड़ा। वर्ष 2023 विश्व चौंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के लिए यह सत्र और भी कठिन रहा। चोटों ने उनके प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित किया। जनवरी में इंडिया ओपन में टखने की चोट और सितंबर में कोरिया ओपन में पसली की मांसपेशियों में लगी चोट के कारण वे नियमित रूप से अभ्यास नहीं कर पाए, जिससे उन्हें नौ बार दूसरे दौर से और आठ बार पहले दौर से बाहर होना पड़ा। भारत ने टीम प्रतियोगिताओं में भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। एशिया मिश्रित टीम चौंपियनशिप और सुदीरमन कप में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

# सम्पादकीय

## सपा पर योगी का तीखा तंज़

वैसे तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी से ही अपने विरोधियों को घेरने से लेकर प्रस्तावित विधानसभा चुनाव किन मुद्दों पर लड़ा जाएगा, इसको लेकर अभी से ही अपने एजेडे पर काम करते हुए दिख रहे हैं।



नफीस जाफरी

मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कियूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने साफ किया कि माफिया के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। माफिया के सामने झुकना सपा की मजबूरी है। हमने तो छांगुर जैसा काम करने वालों पर बुलडोजर चलाया है। सपा पर हमलावर मुख्यमंत्रीयोगी ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, जब आप विपक्ष में होते हैं, तो आपको सरकार के हर अच्छे काम की आलोचना करनी पड़ती है। वरना विपक्ष में रहने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। लगभग 9 साल पहले, समाजवादी पार्टी एक तरफ थी और भाजपा दूसरी तरफ। जो सलाह आप आज यहां दे रहे हैं, अगर वही सलाह आपने उस समय समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सरकार चला रहे लोगों को दी होती, तो शायद इस राज्य को भी लाभ होता। उन्होंने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी और विपक्ष से कहना चाहूंगा, तू इधर–उधर की बातें मत कर, ये तो बता कि ये काफिला क्यों लूटा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी ने इस मशहूर शायरी का जिक्र कर सपा से ये पूछने की कोशिश की कि इधर–उधर की बात छोड़कर असली मुद्दे पर आओ और ये बताओ की जो चीज लुटी है, उसकी क्या वजह है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी बिखर गई और अव्यवस्थित हो गई। इसने पूरे राज्य के लिए पहचान का संकट पैदा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने पूछा कि अराजकता के इस तांडव के लिए कौन जिम्मेदार था। विधानसभा में माफियाओं पर वार करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने एक बार फिर से साफ किया कि माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि माफिया के सामने झुकना सपा की मजबूरी थी। आप गुंडा–माफिया के सामने एक गरीब बेटे को न्याय नहीं दे सकते। आप बात तो पीडीए की करते हैं तो क्या आप पीडीए का पर्ट नहीं थे। मुख्यमंत्रीयोगी ने कहा कि न्याय कैसे होता है ये हमारी सरकार ने तय किया है। बेटी चाहे किसी भी पक्ष की हो हमारी सरकार में उसे न्याय मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने साफ किया कि कहीं भी अगर कोई कब्जा करेगा। किसी भी पौराणिक स्थल पर करेगा उसको किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्रीयोगी ने सरकार के काम का जिक्र करते हुए कहा कि नक़ल माफिया की हेकड़ी ठीक करने के लिए हमने पूर्व डीजीपी को शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया है। यूपी एमएसएमई का सबसे बड़ा मार्केट है, जो हमने बनाया। दो करोड़ परिवार इससे आमदनी कमा रहे हैं। सपा की वजह से यूपी में निवेशक नहीं आना चाहता था। हमारे पास 45 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए हैं, 15 लाख करोड़ के काम धरातल पर हैं। ये नए भारत का नया यूपी है। आयुष्मान कार्ड को लेकर ये शिकायत मिलती है कि छह से कम सदस्यों वाले परिवार से कम वालों को कार्ड नहीं मिलता, तो मैं कहता हूं कि छह वाले बनो। हमने योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं किया। सपा पर हमलावर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे खुशी है कि सुरक्षा का माहौल हमने दिया है। आपने क्या किया है क्या नहीं? उसका परिणाम जनता ने आपको दिया है। हमने क्या किया है क्या नहीं किया है ये जनता परिणाम दे रही है और आगे भी देगी। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की सोच बहुत अच्छी नहीं थी। आज, चाहे इस तरफ के लोग हों या उस तरफ के जब वे राज्य से बाहर जाते हैं, या राज्य के अंदर भी, तो आपको लोग ज़रूर यह कहते हुए सुनेंगे कि यहां सुरक्षा का माहौल है। यह सरकार की प्राथमिकता है, और आपने जो दूसरा पॉइंट बताया, अतिक्रमण करने की प्रवृत्ति– तो मैं आपको इस बात का भरोसा दिलाता हूं, जो भी किसी स्मारक, किसी ऐतिहासिक जगह पर अतिक्रमण करेगा, चाहे वह कोई भी हो, मैं उसे छोड़ूंगा नहीं। वहीं दूसरी ओर जब इससे पूर्व यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कोडीन युक्त कफ सिरप का मुद्दा गूंजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन युक्त कफ सिरप के मुद्दे पर विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को घेरा और कहा कि समय आने पर बुलडोजर एक्शन भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इसकी गहराई में जाएंगे तो घूम फिरकर वही मामला है, कहीं न कहीं वो सब समाजवादी पार्टी नेता या उनसे जुड़ा हुआ कोई न कोई व्यक्ति सामने आता है। कोई भी अपराधी छूटने नहीं पाएगा, चिंता मत करिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, यूपी में कोडीन कफ सिरप का मुद्दा उठाया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में नकली दवाओं के सेवन से होने वाली मौत के प्रकरण का कोई मामला सामने नहीं आया है। इसकी जांच समय–समय पर एफएसटीए विभाग करते हैं। यूपी के अंदर कोडीन कफ सिरप इसके केवल स्टॉकिस्ट और होलसेलर हैं, यहां प्रोडक्शन नहीं होता है। ये मध्य प्रदेश में हिमाचल प्रदेश में और अन्य राज्यों में होता है। मौत के जो मामले सामने आए हैं, वो अन्य राज्यों में आए हैं। वे तमिलनाडु में बने हुए एक सिरप के कारण सामने आए हैं, ये पूरा प्रकरण इलिगल डायवर्जन का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस मामले में 79 केस दर्ज किए हैं। इसमें 225 अभियुक्तों को नामजद किया है, 78 अबतक गिरफ्तार हुए हैं, 134 घरों पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है, जिन क्षेत्रों में केंद्र हैं।

# हुमायूं कबीर का राजनीतिक प्रयोग कहीं उन्हें ही न ले डूबे



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यकों से एकजुट होने का आह्वान किया है। ममता बनर्जी ने नेताजी इनडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रीविजन या विशेष गहन पुनरीक्षण) को भी भारी खामियों वाला बताया। इसी दौरान ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यकों को एकजुट होने को कहा। वो बोलीं, मैं अल्पसंख्यकों से कहती हूं कि . पया एकजुट हो जाएं। यह फैसला आप पर है। भाजपा अपने पैसे की ताकत से आपको बांटने की कोशिश कर रही है। मैं साफ तौर पर आपसे कहती हूं कि एकजुट हो जाएं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है। वह समुदाय को बांटने की कोशिश कर रही है। इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि नेता नहीं, केवल जमीनी स्तर के तृणमूल कार्यकर्ता ही भाजपा को बंगाल में पैर जमाने से रोक सकते हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में पब्लिश किए गए ड्रॉट सूची में से 58,20,899 नाम हटाए गए हैं, जिससे राज्य में मतदाताओं की संख्या घटकर 7.08 करोड़ रह गई है। करीब 1.36 करोड़ मतदाताओं को इस लिए भी चिह्नित किया गया है कि उनकी पहचान में विसंगति आई। वहीं लगभग 30 लाख मतदाताओं को 'अनमैप्ड'' श्रेणी में डाला गया है। इन्हें 45 दिनों के भीतर वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जा सकता है। तृणमूल प्रमुख ने यह भी दावा किया कि एसआईआर में विसंगति की सुनवाई जो केंद्रीय अधिकारी पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं उन्हें स्थानीय भाषा का बहुत कम ज्ञान है और वो पुनरीक्षण प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान सत्यापन (वेरिफिकेशन) करने के लिहाज से अयोग्य हैं। अब बात हुमायूं कबीर की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में हुमायूं कबीर एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। टीएमसी से निलंबित मुर्शिदाबाद के जाने–माने इस मुस्लिम नेता ने अपनी नई पार्टी जनता उन्नयन पार्टी का एलान किया है। हुमायूं कबीर खुद को टीएमसी और भाजपा दोनों के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे हैं। हालांकि अहम सवाल ये है कि क्या उनका यह प्रयोग मुस्लिम वोटों को एकजुट करेगा या उन्हें और बांटेगा? चलिए जानते हैं कि हुमायूं कबीर कहां मजबूत हैं, उनकी कमजोरियां कहां हैं, उनके पास मौके कहां–कहां हैं और उन्हें कौन रोक सकता है हुमायूं कबीर की सबसे बड़ी ताकत उनका स्थानीय मुस्लिम नेतृत्व है। भाजपा से खुला टकराव उन्हें मुस्लिम ध्रुवीकरण में मदद



कर सकता है, यही उनकी रणनीति का अहम हिस्सा भी है। उनके पास लंबा राजनीतिक अनुभव है और बंगाली मुस्लिम पहचान के कारण मुर्शिदाबाद में मुस्लिम वोटों का एक हिस्सा उनके साथ आ सकता है। इसके साथ ही हुमायूं कबीर टीएमसी सरकार के खिलाफ मुस्लिम समाज में मौजूद असंतोष को मुद्दा बना रहे हैं। वह प्रचार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार हिंदू मंदिर बनवा रही है, पर एक भी मस्जिद का निर्माण नहीं कर रही। उनका आरोप है कि जगन्नाथ मंदिर से लेकर महाकाल तक कई मंदिरों का नवीनीकरण किया जा रहा है। उनका जोर मंदिर–मस्जिद निर्माण के धार्मिक असंतुलन की राजनीति को लेकर है। यही कारण है कि वो अपने उद्देश्य को सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही, उन्हें भारी आर्थिक समर्थन मिलने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि उन्हें कई दानकर्ताओं से करीब 5 करोड़ रुपये फंड मिले हैं, जिसने उनके अभियान को रतार दी है। राज्य में टीएमसी विरोधी जितनी भी पार्टियां हैं, लगभग सभी उन्हें बढ़ावा दे रही हैं। कांग्रेस, लेट और एमआईएम जैसे टीएमसी विरोधी दल उनके प्रति नरमी दिखा रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि हुमायूं कबीर सीपीएम और एमआईएम जैसी पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग के लिए भी तैयार हैं। बेशक हुमायूं कबीर हुंकार भर रहे हैं, पर उनकी कुछ कमजोरियां भी हैं जो उनके आगे बढ़ने पर रोक लगा सकती हैं। सबसे बड़ी कमजोरी ये है कि पूरे पश्चिम बंगाल में उनकी कोई लोकप्रियता नहीं है। यानी पहचान के अभाव से उन्हें जूझना होगा। हुमायूं शहरी या राज्य–स्तरीय नेता नहीं बल्कि एक स्थानीय नेता माने जाते हैं। दूसरी कमजोरी, पिछला लोकसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़ने का दाग आज भी उनके साथ है, जिससे मुस्लिम वोटरों के बीच भरोसे का संकट बना रह सकता है। उनके पास मजबूत संगठन, जमीनी टीम और भरोसेमंद सहयोगियों की कमी है। पिछली बार भाजपा प्रत्याशी के तौर पर मिली हार और तीसरे स्थान पर खिसक जाना उनकी इस कमजोरी की ओर इशारा करती है। इसके अलावा, बंगाल में पहले से एक मुस्लिम पार्टी की मौजूदगी है, जो उन्हें प्रतिद्वंद्वी के रूप में देख सकती है। इससे आंतरिक टकराव बढ़ सकता है। हालांकि शुरुआती रैलियों में मुस्लिम भीड़ की मौजूदगी ने उनके हौसले बढ़ाए हैं। कट्टर मुस्लिम पहचान पर जोर देकर वह फंडिंग और समर्थन दोनों बढ़ा सकते हैं। मुर्शिदाबाद की 22 सीटों में ब्ब्ड और के साथ सीट शेयरिंग की संभावना उन्हें राजनीतिक स्पेस दे सकती है। एसआईआर रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 4,07,065 मुस्लिम वोटरों की प्रोजेनी मैपिंग (वंशावली विश्लेषण) है। इससे यह जांच की जा रही है कि मतदाता या उसके परिवार का नाम 2003 की एसआईआर लिस्ट में था या नहीं. यह वोट बैंक उनके लिए बड़ा मौका है। हर जिले में कैंपेन, मीडिया कवरेज और 95 मुस्लिम बहुल सीटों पर फोकस करना उनके प्रभाव को और बड़ा कर सकता है। वहीं टीएमसी मुखिया ममता बनर्जी का असली कैंपेन अभी शुरू होना बाकी है। हो सकता है कि उनका नैरैटिव यह हो कि– भाजपा हुमायूं कबीर के जरिए मुस्लिम वोट बांट रही है। ममता बनर्जी, अपने कद्दावर मुस्लिम नेताओं फिरहाद हकीम और जावेद खान सिद्दीकुल्लाह को उनके खिलाफ खुलकर उतार सकती हैं। नेतृत्व और फुरफुरा शरीफ से जुड़े धार्मिक प्रभावशाली वर्ग फिलहाल ममता बनर्जी के साथ दिख रहे हैं। बंगाल के बड़े इमाम, नखोदा, टीपू सुल्तान मस्जिद और राज्य अल्पसंख्यक आयोग का समर्थन ममता बनर्जी को मिलना उनके लिए बड़ा झटका है। राज्य में बंगाली मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, ऐसे में एमआईएम जैसी उर्दू–केंद्रित राजनीति सीमित असर ही डाल पाएगी। हुमायूं कबीर की राजनीति संभावनाओं और विरोधाभासों से भरी है। उनके पास स्थानीय ताकत, पैसे और मुद्दे हैं, लेकिन संगठन, भरोसा और राज्य स्तरीय पकड़ की कमी उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा है। आने वाले महीनों में यह तय होगा कि वह किंगमेकर बनते हैं या केवल वोट काटने वाले बनने तक ही उनका किरदार रहेगा।

# गौतम गंभीर के विकल्प की तलाश शुरू?



फरीद वारसी

अभी कुछ दिन पहले एक ऐसी रिपोर्ट आईं कि पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका के हाथों सीरीज में 2–0 से सफाए के बाद बीसीसीआई ने दिग्गज वीवीएस लक्ष्मण से रेड बॉल फॉर्मेट का कोच बनने उनसे संपर्क साधा था। यह रिपोर्ट कितनी सही है, या कितनी गलत, हम इसकी पुष्टि तो नहीं करते, लेकिन यह तो एकदम साफ है कि पिछले साल नियुक्ति के बाद से भारत को व्हाइट–बॉल फॉर्मेट में दो खिताब (टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफ़ी) जिताने वाले गौतम गंभीर का टेस्ट रिकॉर्ड कहीं ज्यादा खराब है। और इस रिकॉर्ड को देखते हुए अगर भारतीय बोर्ड टी20 विश्व कप के बाद अगर कोई बड़ा फैसला लेता है, तो चौंकाने वाली बात बिल्कुल भी नहीं होगी। चलिए आप जान लीजिए कि अगर बीसीसीआई गंभीर को रेड–बॉल फॉर्मेट की जिम्मेजारी से मुक्त करता है, तो शीर्ष 5 खिलाड़ी या प्रबल दावेदार कौन हैं, जो टेस्ट टीम के कोच बन सकते हैं। यह समझा जाता है कि पिछले दिनों घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के आत्मसमर्पण के ठीक बाद, क्रिकेट बोर्ड में महत्व रखने वाले किसी व्यक्ति ने एक बार फिर अनौपचारिक रूप से वीवीएस लक्ष्मण से यह जानने के लिए संपर्क किया था कि क्या वह लाल गेंद की टीम को कोचिंग देने में रुचि लेंगे। हालांकि, इस दिग्गज बल्लेबाज ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में क्रिकेट के प्रमुख बनकर रहने पर खुशी जताई है। गंभीर का बीसीसीआई के साथ अनुबंध 2027 वनडे विश्व कप के अंत तक का है। इस बात की पूरी संभावना है कि फरवरी–2026 में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के प्रदर्शन के आधार पर इस पर फिर से विचार किया जा सकता है। यह समझा जाता है कि बीसीसीआई गलियारों में, अभी भी इस बात पर विचार कर चल रहा है कि क्या गंभीर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025–27 चक्र के बचे नौ टेस्ट के लिए रेड बॉल टीम के कोच के लिए सही व्यक्ति हैं। इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2–2 से ड्रा होने के बाद, भारत के पास कुछ विदेशी दौरे हैं, जिनमें अगस्त 2026 में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट और अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज है। इसके बाद भारत 2027 में ऑस्ट्रेलिया की पांच मैचों की सीरीज के लिए मेजबानी करेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर मीडिया को बताया,गंभीर को भारतीय क्रिकेट के सत्ता गलियारों में मजबूत समर्थन प्राप्त है और जाहिर है, अगर भारत टी20 विश्व कप बरकरार रखता है या कम से कम फाइनल में पहुंचता है, तो वह निर्बाध रूप से अपना काम जारी रखेंगे। हालांकि, यह दिलचस्प होगा अगर गंभीर टेस्ट में भी जारी रहेंगे। सूत्र ने कहा, उनका फायदा यह है कि लाल गेंद के प्रारूप में बहुत अधिक वैकल्पिक विकल्प नहीं हैं क्योंकि वीवीएस लक्ष्मण सीनियर टेस्ट टीम को कोचिंग देने में रुचि नहीं रखते हैं। तो वहीं दूसरी ओर भारतीय ड्रेसिंग रूम, आजकल एक उलझन में है, जहां बहुत सारे खिलाड़ी राहुल द्रविड़ युग के विपरीत गंभीर के युग में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। द्रविड़ के तीन साल के कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने के लिए लंबे मौके मिले। टी20 विश्व कप टीम से शुभमन गिल को बाहर किए जाने पर हर जगह गंभीर के निशान मिलते हैं। इसने निश्चित रूप से कई खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाया है कि अगर भारतीय क्रिकेट के अगले पोस्टर बॉय को किनारे किया जा सकता है, तो फिर चूकने पर उनका नंबर भी आ सकता है। वहीं टीम इंडिया के लिए दूसरे अन्य संभावित मुख्य कोच बनने के दावे दारों पर अगर नजर डाले तो मालूम हो कि इतिहास पर नजर डालें, तो अनिल कुंबले भारत के सबसे सफल टेस्ट कोच रहे है। और यही वजह उन्हें बाकी दावेदारों से आगे रखती है। कुंबले की कोचिंग में भारत ने साल 2016–17 तक के सफर में 17 टेस्ट में 12 में जीत दर्ज की। इसमें 4 मैच ड्रॉ रहे, तो एक में हार रही। कुंबले की कोचिंग में भारत ने लगातार 5 टेस्ट सीरीज जीतीं। विदेशी पूर्व खिलाड़ियों की अगर बात करें तो पूर्व कंगारू कप्तान का रिकॉर्ड बहुत ही शानदार रिकॉर्ड है। और रिकी को लेकर चर्चा पहले भी मीडिया हल्कों में थी। पोंटिंग वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं, तो उनके बतौर सहायक कोच कार्यकाल में मुंबई इंडियंस ने अच्छी सफलता हासिल की। पोंटिंग का बतौर कप्तान और अंतरराष्ट्रीय अनुभव उन्हें एक प्रबल दावेदार बनाता है। श्रीलंकाई पूर्व कप्तान विदेशी कोचों में एक ऐसे दिग्गज हैं, जिनका बतौर कोच कप्तान रिकॉर्ड बहुत ही शानदार है। जयवर्द्धने अपनी कोचिंग में मुंबई इंडियंस को तीन खिताब दिलाए हैं। वहीं, वह बीपीएल और इंग्लैंड के द हंड्रेड फॉर्मेट में भी कोचिंग देते हैं। बतौर क्रिकेटर वह खेल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। इसके अलावा स्टीफेन लेमिंग / टॉम मूडी की अगर बात की जाए तो ये दोनों तो पसंद में सबसे आखिरी क्रम पर हैं, लेकिन दोनों ही दिग्गज नाम हैं। और यहां तक कि न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफेन लेमिंग तो पिछले कई सालों से बतौर हेड कोच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने चेन्नई को 5 आईपीएल खिताब जिताए हैं, तो लेमिंग को रणनीति बनाने में महारथी माना जाता है। वहीं, टॉम मूडी की गिनती भी दुनिया के दिग्गज कोचों में होती है। वह सनराइजर्स हैदराबाद और श्रीलंका टीम के भी कोच रह चुके हैं। यहां यह बताते चलें कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर समेत टीम मैनेजमेंट के कई फ़ैसलों ने पूरे साल फ़ैन्स और क्रिकेट एक्सपर्ट्स को हैरान किया। टीम इंडिया ने साल 2025 में कुछ शानदार क्रिकेट खेली तो घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया को हार का सामना भी करना पड़ा। गंभीर और टीम मैनेजमेंट के कई फ़ैसले चर्चा में रहे, विवाद भी कम नहीं हुए। अभी कुछ दिन पहले फ़रवरी–मार्च, 2026 में होनेवाले टी–20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का एलान किया गया तो उसमें उपकप्तान शुभमन गिल को ड्रॉप करने का फ़ैसला किया गया। गिल लंबे समय से टी–20 में फॉर्म में नहीं दिख रहे थे। ऐसे में गिल को ड्रॉप किये जाने के फ़ैसले को क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने एक बोल्ड और टीम के हक़ में लिया जानेवाला फ़ैसला माना। गिल के ड्रॉप किये जानेवाले फ़ैसले की आलोचना भी हुई। इस फ़ैसले की आलोचकों का कहना है कि अव्वल तो शुभमन गिल को पहले जल्दबाज़ी में टी–20 का उपकप्तान बनाया ही नहीं जाना चाहिए था। फिर इस तरह से उपकप्तान बनाकर उन्हें टीम से ड्रॉप करना सही नहीं है। क्योंकि ऐसे ड्रॉप किये जाने से ना सिर्फ़ गिल का मनोबल गिरेगा दूसरे खिलाड़ियों में भी स्थिरता को लेकर भय बना रहेगा। क्रिकेट एक्सपर्ट्स और फ़ैन्स अब ये भी सवाल उठा रहे हैं कि वनडे से रोहित शर्मा की कप्तानी छीनना भी उतना ही ग़लत फ़ैसला रहा है। फ़ैन्स के गलियारों से ये आवाज़ें भी आने लगी हैं कि 2027 में रोहित शर्मा को फिर से वर्ल्ड कप का कप्तान बनाया जाना चाहिए। टीम चयन को लेकर चयनकर्ता और गौतम गंभीर के फ़ैसलों को लेकर सवाल तो बराबर उठते ही रहे। कोलकाता टेस्ट में दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ वाशिंगटन सुंदर को नंबर 3 पर भेजे जाने को लेकर भी गंभीर निशाने पर आ गये। इसके अलावा एशिया कप के दौरान लंबे समय तक संजू सैमसन को प्लेइंग टीम से बाहर रखे जाने के फ़ैसले की वजह से भी गंभीर क्रिकेट एक्सपर्ट्स, फ़ैन्स और मीडिया के निशाने पर रहे। ख़ासकर ईडन गार्डन्स पर सुंदर को नंबर 3 पर भेजने का फ़ैसला सबके निशाने पर रहा। सुंदर ने, हालांकि कोलकाता टेस्ट की दोनों पारियों में भारतीय टीम के लिए कुल मिलाकर 60 रन बनाये। लेकिन पूरे टेस्ट में उन्हें सिर्फ़ 1 ओवर ही गेंदबाज़ी दी गई. भारत ने ईडन गार्डन्स पर 13 साल बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता में प्लेइंग टीम के अलावा पिच पर किचकिच वाले गंभीर के रवैये पर भी सवाल खड़े होते रहे। कोलकाता में दक्षिण अफ़्रीका ने तीन दिनों में ही भारत को उसके घरेलू मैदान पर हरा दिया। पश्चिम बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और गौतम गंभीर पिच को लेकर आमने–सामने दिखे। गौतम गंभीर के विराट कोहली और रोहित शर्मा संग संबंध किसी से छिपे नहीं हैं। ये भी साफ़ है कि गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर की नई नीति की वजह से ही ये दिग्गज घरेलू क्रिकेट खेलते नज़र आ रहे हैं। हालांकि, इससे घरेलू क्रिकेट का फ़ायदा ही हो रहा है। कई जानकार मानते हैं कि गंभीर अपनी ज़िद की वजह से रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं। इनके संबंध भी आपस में अच्छे नहीं बताये जाते जिससे ड्रेसिंग रूम में एक अनकहा तनाव भी बताया जाता। गौतम गंभीर पर अक्सर जानकार उन्हें एक डिफेंसिव कोच होने का आरोप लगाते हैं। गंभीर टीम में स्पेशलिस्ट बैटर और गेंदबाज़ के बजाए अक्सर ऑलराउंडर्स पर ज़ोर देते नज़र आते हैं। अहम मौक़ों पर ये ऑलराउंडर्स स्पेशलिस्ट की तरह ना तो बैटिंग कर पाते हैं और ना ही स्पेशलिस्ट गेंदबाज़ का रोल अदा कर पाते हैं। इसका नुकसान टीम इंडिया को अक्सर टेस्ट क्रिकेट में उठाना पड़ा है। कोच गौतम गंभीर बीते साल अक्सर पूर्व क्रिकेटर और आईपीएल के मालिकों को तीखे जवाब देते नज़र आए। गंभीर ने टीम इंडिया में हर्षित राणा की मौजूदगी को लेकर पूर्व क्रिकेटर द्वारा आलोचना का प्रेस कॉन्फ्रेंस में कड़ा जवाब दिया। फिर एक आईपीएल टीम के मालिक को हद में रहने की नसीहत भी दे डाली। सवाल ये भी उठते रहे हैं कि गंभीर को गुस्सा क्यों आता है?

# ईवीएम, वीवी पैट मशीनों का मॉक पोल आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, इंचार्ज वेयरहाउस (ईवीएम/वीवी पैट ने बताया कि 354–घोसी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का संभावित उप निर्वाचन के .ष्टिगत ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेविल चेकिंग (एफएलसी) बीईएल के इंजीनियरों द्वारा 22 दिसंबर से कलेक्ट्रेट कैम्पस में स्थित वेयर हाउस में निरन्तर कराया जा रहा है। बीईएल के इंजीनियरों द्वारा अवगत कराया गया है कि एफ०एल०सी० कार्य समाप्ति के उपरान्त 29 दिसंबर सोमवार को प्रातः 09 बजे से ईवीएम/वीवी पैट मशीनों का मौक पोल किया जायेगा। ईवीएम/वीवी पैट के मॉक पोल प्रकिया 29 दिसंबर को मॉक पोल के दौरान स्वंय अथवा अपने किसी प्रतिनिधि को अधि.त करें। जो समस्त प्रकिया के दौरान उपस्थित रहे।

# एसडीएम के नेतृत्व में अवैध निर्माण पर दौड़ी जेसीबी

## - सरकारी भूमि हुए अवैध कब्जे तहसील प्रशासन नानपारा के रडार पर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुविधापुर स्थित गाटा संख्या 136 रकबा 0.008 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है। ग्राम इमामनगर गोधरहवा में गाटा संख्या 115 रकबा 0.004 हे. जो कि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के नाम दर्ज है पर सीताराम पुत्र बदल व छीटन पुत्र रामखेलावन परगना व तहसील नानपारा ने लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमियो पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर अनाधि।त रूप से किये अवैध कब्जे को उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, संबंधित राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से पक्के बने निर्माण को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से ध्वस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# किसान सेवा सम्मान से नवाजे गए डॉ. योगेन्द्र कुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। किसानों के कल्याण हेतु .षि क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुरादाबाद में भूमि संरक्षण अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. योगेन्द्र कुमार को एडविक क्रॉप साइंस,




मोदीनगर (गाजियाबाद) द्वारा किसान सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इससे पूर्व उन्होंने जनपद में भूमि संरक्षण अधिकारी, .षि रक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अरांव एवं शिकोहाबाद जैसे पदों पर कार्य करते हुए किसानों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। डॉ. योगेन्द्र कुमार द्वारा संचालित यूट्यूब चौनल किसान कल्याण मंच वर्तमान में किसानों को जागरूक करने का एक सशक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म बन गया है। इस चैनल के माध्यम से मृदा संरक्षण, आधुनिक .षि तकनीक, फसल प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने इस प्रयास को कृषि क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डबल मर्डर के बाद मितौली में मातम, शवों को किया सुपुर्देखाक

## - पिता-पुत्र को दौड़ाकर मारी गई गोली, पुरानी रंजिश में खूनखराबा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर। जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के बाद शनिवार को लखीमपुर खीरी के मितौली कस्बे में मातम पसरा रहा। पोस्टमार्टम के बाद जब अख्तर खाँ उर्फ छोटे और उनके बेटे मैसर खाँ के शव घर पहुंचे, तो कोहराम मच गया। महिलाओं और बच्चों की चीख–पुकार से पूरा इलाका गमगीन हो उठा देर शाम कस्बे के कब्रिस्तान में पिता–पुत्र को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए मितौली, नीमगांव और जिले की पुलिस फोर्स मौके पर मुस्तैद रही। अख्तर खाँ उर्फ छोटे मूल रूप से जिले के इमलिया थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के रहने वाले थे। करीब 20 वर्ष पूर्व वे अपने बेटे मैसर खाँ के साथ मितौली आए थे। यहीं कबाड़ की दुकान खोलकर परिवार का पालन–पोषण कर रहे थे। स्थानीय लोग उन्हें शांत स्वभाव का बताते हैं लेकिन पुरानी रंजिश उनकी जिंदगी पर भारी पड़ गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड की जड़ें वर्षों पुरानी रंजिश में छिपी हैं। वर्ष 2011 में हरगांव क्षेत्र में ठाकुर प्रसाद की हत्या हुई थी, जिसमें अख्तर खाँ, मैसर खाँ और रूबी को आरोपी बनाया गया था। इसके बाद 2020 में ठाकुर प्रसाद के बेटे संतोष की हत्या के मामले में भी अख्तर और मैसर आरोपी थे। पुलिस का मानना है कि इन्हीं मामलों को लेकर बदले की भावना लगातार सुलग रही थी। मेड़ काटने का विवाद बना खूनी संघर्ष की वजह गुरुवार को फत्तेपुर गांव में मेड़ काटने को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने शांतिभंग में दोनों पक्षों का चालान कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को अख्तर खाँ, मैसर खाँ और रामू एसडीएम कोर्ट से जमानत कराकर गांव लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचते ही फिर कहासुनी हुई और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि रामू ने पहले बांके से हमला किया और फिर अख्तर खाँ के सिर में सटाकर गोली मार दी, जिससे उनका सिर बुरी तरह क्षत–विक्षत हो गया। इसके बाद भाग रहे मैसर खाँ को करीब 20 मीटर तक दौड़ाकर गोली मार दी गई। पंचायत घर के पास सुनसान रास्ते पर वारदात यह दिल दहला देने वाली वारदात फत्तेपुर गांव के पास पंचायत घर के नजदीक खेतों के बीच बने सुनसान रास्ते पर हुई। सूचना मिलते ही एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह और सीओ महोली नागेंद्र चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल



से कारतूस के खोखे, धारदार हथियार और एक पत्थर बरामद किया। देर रात एसपी अंकुर अग्रवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और जल्द आरोपियों की गिरतारी का भरोसा दिलाया। मृतक मैसर खाँ के बेटे शमशाद खाँ ने आरोप लगाया कि रामू उसके हिस्ट्रीशीटर ससुर शिवपूजन समेत करीब 12 लोगों ने रास्ते में घेरकर पहले मारपीट की और फिर उसके बाबा व पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने बताया कि उसके बाबा के चेहरे की पहचान तक मुश्किल हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज पांच घंटे के भीतर दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों को गिरतार कर लिया। उनके पास से तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित कई टीमों ने लगातार दबिश देकर यह सफलता हासिल की। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है पुरानी रंजिश, जमीन का विवाद और बदले की आग ने एक बार फिर दो परिवारों को उजाड़ दिया। मितौली में पसरा सन्नाटा इस बात की गवाही दे रहा है कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई त्रासदी को जन्म देती है।

# जिले के 1395 बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

## – सकारात्मक सोच व राष्ट्रसेवा की भावना को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम है मन की बात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा द्वारा आयोजित मोदी जी के मन की बात के कार्यक्रम को जिले के सभी 1395 बूथों में लोगों ने मन की बात सुनी जिसमें मोदी जी ने एकता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र हित के लिये निरंतर कार्य करने का सन्देश दिया। उन्होंने मन की बात में देश कि उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए अपने दिए गए सन्देश में कहा कि सुरक्षा, सांस्तिक धरोहर, विज्ञानं, नवाचार, सांस्तिक धरोहर, खेल, पर्यावरण,



स्वदेशी चेतना जैसे विषयों पर चर्चा की। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने शहर के बूथ संख्या 48 स्वराज कालोनी, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरन्हण स्थित बूथ नंबर 242 में, नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा ने नरैनी क्षेत्र के ग्राम खम्हौरा के बूथ संख्या 240, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा के बाउर बाजार स्थित बूथ संख्या 191 में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने शहर के बूथ संख्या 71 में मन की बात सुनी। इसी प्रकार जनपद के सभी 16 मण्डलों बूथों में मन की बात सुनी गई।

# घोसी सांसद ने आर्टिफिशियल इटेलिजेंस तकनीक की लैब का किया उद्घाटन

## - सांसद निधि योजना से किया सड़क का किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। घोसी सांसद राजीव राय ने रविवार को घोसी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। घोसी सांसद राजीव राय ने घोसी लोकसभा के ग्राम महमूद सराय बनकरी में सांसद निधि से बने सड़क को जनता के लिए समर्पित किया। घोसी सांसद राजीव राय ने मधुबन–दुबारी स्थित शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से संचालित जनपद के पहले लैब का उद्घाटन किया। जिसमें एआई तकनीक के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। यह पहला अवसर है जब जनपद के किसी विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीक के सहारे शिक्षा के गुणवत्ता में वृद्धि हेतु कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात घोसी सांसद राजीव राय क्षेत्र के विभिन्न परिवारों के लोगों के बीच पहुंचकर उनके सुख–दुख में शामिल हुए।

# समिति ने सामान्य ज्ञान, निबंध व कला प्रतियोगिता का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भारत जानो सेवा समिति द्वारा द्वितीय बार जनपद स्तर पर सामान्य ज्ञान, निबंध एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन शिव पब्लिक स्कूल, चंदवार गेट में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 200 छात्र–छात्राओं



ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें निखारना है। कला प्रतियोगिता में नन्हे–मुन्ने प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऐतिहासिक इमारतें तथा चंद्रयान मिशन जैसे विषयों पर आकर्षक और रचनात्मक चित्र प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा। भारत जानो सेवा समिति के आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता का प्रथम चरण था। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन आगामी 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर किया जाएगा। दूसरे चरण में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है। परीक्षा के दौरान समिति अध्यक्ष विशाल वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार झा, सहयोगी राजेश राठौर, शिवम् निगम, प्रियांशु गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, ब्रजेश बघेल, आशीष कुमार एवं विद्यालय प्रबंधक पारुल गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र–छात्राएँ मोबाइल या व्हाट्सएप नंबर 9548494385 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# प्रेम विवाह की दर्दनाक परिणति, मंदिर में शादी

## - पेड़ से एक ही फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी के शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, हरगांव। जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। प्रेम विवाह के महज 22 दिन बाद नवदंपती के शव एक ही फंदे से पेड़ पर लटके मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हैरानी की बात यह है कि जिस मंदिर में दोनों ने शादी की थी, उसी मंदिर परिसर में लगे पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। घटना हरगांव थाना क्षेत्र के अनियापुर गांव की है। मृतकों की पहचान खुशीराम (22) और मोहिनी (20) के रूप में हुई है। रविवार सुबह ग्रामीणों ने मंदिर के पास पेड़ से लटके शव देखे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया बताया जा रहा है कि खुशीराम और मोहिनी के बीच पिछले तीन साल से प्रेम संबंध था। 6 दिसंबर को दोनों ने गांव के महामाई मंदिर में गुपचुप शादी कर ली थी। शादी की जानकारी मिलते ही दोनों परिवार मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सात फेरे पूरे हो चुके थे। काफी



समझाने–बुझाने के बाद दोनों परिवारों ने रिश्ते को स्वीकार कर लिया और मोहिनी को बहू बनाकर घर ले आए। परिजनों के मुताबिक, शनिवार रात दोनों ने साथ में खाना खाया और अपने कमरे में चले गए। रविवार सुबह जब कमरे में कोई नहीं मिला तो खोजबीन शुरू हुई। कुछ देर बाद गांव के ही एक व्यक्ति ने दोनों के शव मंदिर के पास पेड़ से लटके होने की सूचना दी मामले को और रहस्यमय बनाता यह तथ्य है कि दोनों एक ही फंदे से लटके थे और उनके पैर जमीन को छू रहे थे। ऐसे में यह आत्महत्या है या हत्या कर शव लटकाए गए, इस पर पुलिस अभी कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकाल पाई है। सीओ नेहा त्रिपाठी ने बताया कि शुरुआती जांच में आत्महत्या की आशंका है, लेकिन हत्या के एंगल को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। थाना प्रभारी बलवंत शाही के अनुसार, फांसी के लिए नई रस्सी का इस्तेमाल किया गया है और परिजन फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। गांव में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। कहा जा रहा है कि दोनों रिश्ते में चचेरे भाई–बहन लगते थे, जिस कारण सामाजिक और पारिवारिक दबाव लगातार बना हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव ने दोनों को यह खौफनाक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओंकी गंभीरता से जांच कर रही है और पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# विश्वविद्यालय में नववर्ष ब्रज संकीर्तन महोत्सव का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

शिकोहाबाद, फिरोजाबाद। विश्वविद्यालय शिकोहाबाद के परिसर में आज ब्रज महोत्सव का अनुपम आयोजन किया गया, जो भगवान कृष्ण की भक्ति और ब्रज संस्ति की जीवंत झलक प्रस्तुत करने वाला रहा। यह कार्यक्रम




न केवल स्थानीय भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद का स्रोत बना, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर .ष्ण भक्ति की वैश्विक अपील को भी रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला खाद्य आयुक्त डॉ चंदन पांडे की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ राहुल यादव एवं डॉ नितिन यादव, कुलपति प्रोफेसर संजीव भारद्वाज तथा महानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रज महोत्सव जैसे आयोजन हमारी सांस्तिक विरासत को जीवंत रखते हैं और युवा पीढ़ी को भक्ति मार्ग से जोड़ते हैं। कुलपति प्रो भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय सांस्तिक–सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा को समग्र रूप प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहे राधा कुंज वृन्दावन धाम से पधारे विदेशी भक्त जिसमें मुख्य रूप से यूरोप से योगमाया दासी, अमेरिका से राधा दासी और राधिका दासी जी, बेल्जियम से जानकी दासी, फिनलैंड से भक्त बांधव गिरधारी जी तथा रूस से निरमा दास जी ने दूर–दूर से पधारकर नववर्ष ब्रज संकीर्तन महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया। इन भक्तों ने भगवान .ष्ण के प्रवचनों की गहन व्याख्या की, जिसमें गीता के उपदेशों से लेकर लीला कथाओं तक का सरस विवर.। प्रस्तुत किया। उनके मधुर भक्ति भजनों ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को .ष्ण–भक्तिमय बना दिया।

# भर्थना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी की मन की बात

## - खेल, सुरक्षा, संस्कृति और विरासत में भारत ने रचा नया इतिहास : अन्नू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129 वें एपिसोड को देशवासियों को संबोधित किया। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, जिला व बूथ पदाधिकारियों के साथ भर्थना विधानसभा क्षेत्र के रितौर शक्तिकेंद्र अंतर्गत बूथ संख्या 189, मुगलपुर नरैनी पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है और इससे दुनिया को यह संदेश गया है कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में देश ने सुरक्षा, खेल, विज्ञान और वैश्विक मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बताया कि वर्ष 2025 खेल जगत के लिए भी ऐतिहासिक रहा। पुरुष क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी जीतना, महिला क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार विश्व कप अपने नाम करना तथा भारतीय बेटियों द्वारा महिला .ष्टिबाधित टी–20 विश्व कप जीतना देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही। इसके साथ ही एशिया कप टी–20 में तिरंगे की शान और पैरा एथलीटों की विश्व चौंपियनशिप में शानदार सफलता ने देश का मान बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बी. के. गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में



वर्ष 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अद्वितीय विरासत के अद्भुत संगम का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष के प्रारंभ में प्रयागराज महाकुंभ और वर्ष के अंत में अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक एवं जिला मंत्री रजत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विमलेश शाक्य, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यम राजपूत, समीर सक्सेना, मंडल अध्यक्ष विमल गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, बूथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिशन शक्तिके तहत ग्राम रूदर्पुर में लगी जागरूकता चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति के अंतर्गत रविवार को थाना ऊसराहार पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम रूदर्पुर में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं



साइबर सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों एवं सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी जागरूकता चौपाल के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान भारतध्व्डश्र।ल स्वास्थ्य बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गय शिक्षा को प्राथमिकता देने व जानकारी साझा करने की अपील मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सुरक्षित व उज्ज्वल बनाने तथा हेल्पलाइन नंबरों व योजनाओं की जानकारी अपने परिवार, पड़ोस एवं मित्रों के साथ साझा करने की अपील की गई। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है।

# कोरौना पड़ाव व परिक्रमा मार्ग का प्रशासनिक निरीक्षण कर समस्याओं को देखा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आज कोरौना पड़ाव एवं परिक्रमा मार्ग का विधिवत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा एवं तहसीलदार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, साफ–सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का गहनता से अवलोकन किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कई



समस्याओं का तत्काल समाधान कराया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर परिक्रमा सेवा समिति के अध्यक्ष महंत नारायण दास जी महाराज (पहला आश्रम) एवं सचिव महंत संतोष दास खाकी जी महाराज (बनगढ़ आश्रम) भी उपस्थित रहे। उन्होंने परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के लिए प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएंगी, ताकि परिक्रमा के दौरान किसी तरह की दिक्कत न हो।

# पीएमश्री कंपोजिट स्कूल में लगा मीना मेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बालिकाओं को महिला अधिकारी स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से दबरई स्थित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल में मीना मेले का भव्य आयोजन हुआ। विद्यालय की माधवी, भव्या, पलक, आराध्या, वंश ने नाटक के माध्यम से शिक्षा से जुड़े नियमित स्कूल जाने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान, छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न स्टाल लगाए गए



कबाड़ से जुगाड़, विज्ञान संबंधित रोचक खेलो का छात्राओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन कियास कक्षा 8 के मेधावी छात्र मानव ने बालिका शिक्षा पर आधारित एक सुंदर गीत की प्रस्तुति की खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश अकेला तथा एसआर सुभाष यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि मीना मंच मेला बालिकाओं के शिक्षा सशक्तिकरण और जीवन कौशल सीखने के लिए विद्यालय में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र एवं समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा और स्वास्थ्य विभाग से सर्वेश कुमारी व विद्यालय के अध्यक्ष सीमा राजपूत सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीरनपुर के स्लम एरिया में लगा किशोरी मेला

## – किशोरियों को स्वास्थ्य, शिक्षा व आत्मनिर्भर बनने के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पीरनपुर वार्ड के स्लम एरिया में निशान वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में किशोरी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को महावारी स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करना था। किशोरी मेले में सभासद अफताब अहमद ने शिरकत की।



उनके साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फरजाना, आशा बहू कल्पना देवी, प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका शबाना बेगम, रईसा, सलाह उद्दीन, अल्लशा परवीन, राबिया खातून, तूबा अकील के अलावा प्रबंधक रुबीना भी शामिल रहीं। किशोरियों को महावारी के समय स्वच्छता का ध्यान कैसे रखें, पैड कितनी देर में बदलना चाहिए और महावारी के दौरान क्या खाना चाहिए जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और समझने योग्य भाषा में दी गईं। सभासद अफताब ने किशोरियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लड़की हो या लड़का, दोनों को शिक्षा का पूरा अधिकार है और समाज को दोनों को एक समान नज़र से देखना चाहिए। उन्होंने किशोरियों में उभरती लीडरशिप क्षमता की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों ने स्वयं चार्ट बनाए, जिन पर लड़का–लड़की एक समान, भेदभाव नहीं होना चाहिए और महावारी पर जागरूकता जैसे संदेश लिखे। अध्यापिका शबाना बेगम ने किशोरियो को आगे बढ़ने का साहस दिया और अच्छी शिक्षा लेने को कहा। संस्था की प्रबंधक रुबीना ने किशोरियों को उपहार वितरित किए और उन्हें आगे पढ़ाई जारी रखने, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी अतिथियों, टीम मेंबर्स और किशोरियों का धन्यवाद किया।

# व्यापारियों का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त : अन्नू

## – आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट ने भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत (गर्ग गुट) की आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव का पदाधिकारियों ने स्वागत एवं सम्मान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने अपनी पूरी टीम के साथ



राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव में व्यापारियों को भरोसा दिया कि अगर किसी अधिकारी या किसी पुलिस द्वारा शोषण किया गया तो उसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में आदर्श व्यापार मंडल परिवार में कई नए पदाधिकारियों को मनोनीत करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए। इसमें आफाक अली को प्रयागराज मंडल प्रभारी, बिलाल अहमद को कौशांबी अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद मिश्र उर्फ कुंदन को प्रदेश मंत्री, सिद्धांत शंकर मिश्र को बेरागढ़िवा को हुसैनगंज प्रभारी दिनेश चंद्र शर्मा को संरक्षक पवन अंबानी को दवा व्यापारी जिलाध्यक्ष अभिजीत भारती को पीरनपुर नगर उपाध्यक्ष तथा उपेंद्र सिंह को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, प्रदेश मंत्री काली शंकर श्रीवास्तव, सुशील मिश्रा, मोहम्मद शमीम, अनिल सिंह गौतम, मनीष गुप्ता, माधुरी साहू, रवि तिवारी, जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, जिला युवा अध्यक्ष मोहम्मद इमरान, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, जिला उपाध्यक्ष अभय गुप्ता, बबला सोनी, अशोक यादव, अभिलाष गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित सोनी, राहुल सोनी, रिंकू सरदार, चिश्ती सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी ने किया।

# देश के आंतरिक स्वरूप का दिग्दर्शन कराता मन की बात : अन्नू

## - जिलाध्यक्ष समेत पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देखा सुना कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 38 बहुगुणा इंटर कालेज में कार्यकर्ताओं संग देखा सुना गया। कार्यक्रम उपरांत जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य व भाषाओं पर प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में जो विचार रखे गये, वह निश्चित रूप से समस्त भारतवासियों के लिए उपयोगी हैं। पीएम मोदी द्वारा मनकी बात का प्रत्येक संस्करण में समसामयिक विषयों को उठाया जाता है। इस संस्करण में पर्यटन



क्षेत्र के रूप में कच्छ गुजरात के रणोत्सव का उल्लेख, कन्नण भाषा की महत्ता के साथ ही इस ठंड के मौसम में योग करने का सुझाव बेहद आत्मीय रहा। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पूर्व के संस्करणों की भांति रविवार को 129 वां मनकी बात का कार्यक्रम जिले के सभी 2144 बूथों पर पार्टी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही जन–जन द्वारा देखा सुना गया। कार्यक्रम जिला संयोजक के रूप महामंत्री नीरज सिंह व सहसंयोजक के रूप में मनोज मिश्रा मनु व टीम द्वारा सफल तैयारी की गई थी, जिससे बड़ी संख्या में आम नागरिकों द्वारा कार्यक्रम को टीवी, मोबाइल व रेडियो में देखा सुना गया।

# नयन इलेवन खागा ने सात विकेट से जीता मैच

न्यूज वाणी ब्यूरो / खागा, फतेहपुर। खागा प्रीमियर लीग का शुभारंभ रानी चंद्रप्रभा डिग्री कॉलेज में आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन मैच में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह, रितेश पाण्डेय और बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय मौजूद रहे। पहले मैच 12–12 ओवर का नयन इलेवन खागा और जितेन्द्र इलेवन कौशाम्बी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नयन इलेवन खागा ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम जितेन्द्र इलेवन कौशाम्बी ने कुल 81 रन 9 विकेट खोकर बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नयन इलेवन खागा ने 3 विकेट खोकर महज 9 ओवर में मैच में जीत हासिल किया। मैन ऑफ दी मैच नयन इलेवन खागा के आशु खान ने 3 ओवर में 2 विकेट लेकर 31 रन बनाए। इस मौके पर कुलदीप शुक्ला, राजकुमार गुप्ता, विकास गुप्ता, शुभम त्रिपाठी, हर्ष मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, नितिन सिंह, मोहित मौर्य, संजय अग्रहरि, आनंद मिश्रा, सागर सिंह, राका सिंह, संजय श्रीवास्तव, हबीब खान आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजानीपुर में शनिवार की देर शाम खेत से वापस घर आ रहे 50 वर्षीय अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुजानीपुर गांव निवासी राजाराम का पुत्र प्रताप शनिवार की देर शाम लगभग आठ बजे खेत से काम कर घर वापस आ रहा था। कोहरा होने के कारण वह रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में पुत्र प्रहलाद ने दी है।

# संगठित समाज ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है : अन्नू

## - दोसर वैश्य महासमिति ने भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दोसर वैश्य महासमिति का सम्मान समारोह जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आयोजित सम्मान कार्यक्रम में जनपद के कोने–कोने से समाज के लोगों ने सहभागिता निभाई। संगठित समाज ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व पार्षद जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि अन्नू श्रीवास्तव, मुख्य वक्ता नागपुर के अध्यक्ष प्रदीप गुप्त, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्त ने किया। महासमिति ने मुख्य अतिथि अन्नू श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता प्रदीप का माला पहनकर अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आनंद विद्या मंदिर स्कूल के बच्चे एवं



बच्चियों ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि जो समाज संगठित होता है वही समाज अपने लक्ष्य की प्राप्ति करता है इसलिए आज के वातावरण में हम सभी को संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जो वृहद रूप आज दिखाई दे रहा है। उसके पीछे वह समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसको भुलाया नहीं जा सकता देश के आर्थिक विकास में भी वह समाज की आम भूमिका रहती है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नागपुर महाराष्ट्र के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि समाज में अच्छे कार्य करने वाले ही पहचान होती है। उन्होंने कहा कि समाज को एक परिवार की तरह चलना होगा सभी के मान सम्मान को सुरक्षित रखते हुए एक–एक व्यक्ति की भावनाओं का आदर करना होगा। जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्त ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष कविता गुप्ता, दुर्गा शंकर गुप्ता, सुनीता गुप्ता, राजा भैया, विकास गुप्ता, रमेश गुप्ता, अष्विनी गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, राम विशाल गुप्ता, नंदलाल गुप्त, ओम प्रकाश गुप्ता, साजन गुप्ता, मनीष गुप्ता, अशोक गुप्ता, अमित गुप्ता, आनंद गुप्ता, सुशील गुप्ता, सोना गुप्ता, रंजन गुप्ता आदि रहे।

# संगठन में विशेष सहयोग करने वालों को मिला सम्मान

## - अटेवा की कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर सौंपी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रविवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक जिलाध्यक्ष निधान सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशन शहीद स्वर्गीय डॉ रामाशीष सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। जिला कोषाध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय ने गत वर्ष की सदस्यता से प्राप्त आय एवं विभिन्न कार्यक्रमों में व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इसी क्रम में ब्लॉकों के साथियों, पदाधिकारियों से आंदोलन के संबंध में विचार लिए गए। सभा में वर्तमान सत्र 2025–26 में 50 से अधिक सदस्यता करने वाली बहन एवं 100 से अधिक सदस्यता कराने वाले शिक्षक कर्मचारी साथियों का सम्मान भी किया गया। संगठन में विशेष सहयोग हेतु डॉ. साधना यादव, विमलेश कुमारी, तरुण सिंह, योगेश कुमार पटेल, वीर महेंद्र, हरीश कुमार, राकेन्द्र कुमार और बाबूलाल पाल, उमा शंकर साहू, सै. हेमचन्द्र चौधरी, पुनीत वीर विक्रम का सम्मान भी किया गया। कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर डा. साधना यादव को जिला संरक्षिका महिला प्रकोष्ठ, विनोद कुमार वर्मा ब्लाक अध्यक्ष मलवां को जिला संगठन मंत्री, अजय पाल सविता कोषाध्यक्ष खजुहा को तहसील प्रभारी बिंदकी, कैलाश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष मलवां, राजेन्द्र तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष तेलियानी को जिला मंत्री, राकेन्द्र सिंह महामंत्री लेखपाल संघ को जिला सहसंयोजक अटेवा, कल्पना चौहान ब्लॉक मंत्री खजुहा रुचि सिंह ब्लॉक संयोजिका का खजुहा मनोनीत किया गया। बैठक में राकेश सिंह, नीलम सिंह, विनीता मौर्य, मधु यादव, विजयरत्ना प्रतिमा उमराव, प्रीति श्रीवास्तव, हेमचंद चौधरी, अजय सिंह, वेद



प्रकाश, शिवकरन, लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर कुमार पाल, नीरज उत्तम, कुंवर रंजीत सिंह, साकेत कुमार सेन, जयप्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार, नागेंद्र प्रताप सिंह, नवल यादव, पुनीत वीर विक्रम, सुमेर कुमार, रामबाबू, रामप्रकाश, विनोद वर्मा, दीपक कुमार, रोशन लाल, अमरेश कुमार, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, केश कुमार, प्रेम नंदन, सुमित शर्मा, नीरज गुप्ता, जल निगम के अध्यक्ष मेहताब आलम आदि शिक्षक एवं कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# शहर से लेकर गांव तक मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

## - गांधी के आदर्शो पर चलने का दोहराया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस स्थापना दिवस की 140 वीं वर्षगांठ में जनपद में



शहर के अतिरिक्त कई ब्लॉक के गांवों में कांग्रेस ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए। शहर क्षेत्र के सैयदवाड़ा वार्ड में शहर महामंत्री वकील खान, खंभापुर वार्ड में शहर उपाध्यक्ष बशीर अहमद के नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं बिन्दकी तहसील के जनता गांव में नगर अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला, खागा तहसील के छिवलहा गांव में जिला महामंत्री आरिफ खान व बहुआ ब्लॉक के शाह कस्बे में युवा नेता नवनीत तिवारी, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज चौड़गरा में जिला उपाध्यक्ष राकेश शास्त्री एवं हंसवा ब्लॉक में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाया गया। हंसवा में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने अपने समापन भाषण में भाजपा शासन काल में खुलेआम हो रहे बलात्कारों एवं बलात्कारियों का सरकार द्वारा बचाव करने को एक कलंक करार दिया। उन्होंने कहा कि आज देश का हर नागरिक अपने को असुरक्षित मानते हुए डरा व सहमा है। जिसे एक स्वस्थ्य लोकतंत्र कदापि नहीं कहा जा सकता। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा भुगतान का चालीस प्रतिशत राज्य सरकारों के ऊपर डाल कर धीरे धीरे इसे समाप्त कर देने का प्रयास है परंतु कांग्रेस ने 28 दिसंबर 1885 से आज तक केवल जनहित के लिए संघर्ष किया है, सरकार में रहते हुए भी गरीबों के हित और देश के स्वाभिमान की रक्षा की है जो आगे भी अनवरत जारी रहेगा। इं. देवी प्रकाश दुबे, शेख एजाज अहमद, सहाब अली, सुधीश पांडेय ने भी स्थापना दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# महिला थाना प्रभारी ने अधिकारों की दी जानकारी

## – पूर्व सैनिक उत्थान समिति महिला शाखा की हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति महिला शाखा की बैठक साधना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर महिला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने भाग लेते हुए सभी महिलाओं को उनके अधिकार तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से बचने के लिए जागरूक किया। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि घरेलू हिंसा सिर्फ वह नहीं होती है कि महिला के साथ मारपीट की जाए बल्कि वह भी होती है कि यदि मानसिक पीड़ा ही दी जाए। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर सभी को दिया। बताया कि वह जनपद की पुलिस आपके साथ सदैव हर मुसीबत में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा की एक लड़की सोनी जिसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी वह ससुराल द्वारा प्रताड़ित की जा रही है। उसका पति विगत डेढ़ वर्ष से विदा नहीं करा रहा है। एक महिला ने बताया कि उसके पति सेवा से सूबेदार के पद से सेवानिवृत्ति है परंतु उसको खर्चा तथा ध्यान नहीं दे रहे है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने ऐसी कई समस्याएं संगीता सिंह के सामने रखी और उन्होंने कहा कि आप शीघ्र प्रार्थना पत्र दें जिन पर वरीयता से कार्यवाई की जाएगी।



संगठन की सभी महिलाओं ने शपथ ली कि वह एकजुट होकर यदि कोई महिला पीड़ित होती है या किसी लड़की के साथ छेड़खानी की जाती है तो संगठन उसेपर कठोर कार्यवाई करवाएगा। इसके साथ माता –पिता यदि बूढ़े हो जाते हैं और उनके बच्चे ध्यान नहीं देते है तो इसको भी गंभीरता से लिया जाएगा। इस अवसर पर लवली, सुनीता पाल, सुमन सिंह मौर्य, सुनीता यादव, मधुलता सिंह, अर्चना गुप्ता, अरुण मिश्रा, विमला देवी, अंजू देवी आदि उपस्थित रही।

# उत्तम उद्योग व्यापार मंडल की युवा नगर इकाई विस्तारित

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष मोहम्मद कैश ने युवा नगर इकाई का विस्तार किया। सभी को माल्यार्पण



कर जहां स्वागत किया वहीं पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रविवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के लोधीगंज स्थित युवा जिला कार्यालय में युवा टीम का विस्तार जिलाध्यक्ष मनोज साहू एवं युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट आकाश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर अध्यक्ष मोहम्मद कैश खान ने करते हुए युवा नगर महामंत्री पद पर तसलीम आरिफ, युवा नगर उपाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद शाहिद, युवा नगर मंत्री पद पर धर्मेंद्र कुमार, युवा नगर संगठन मंत्री पद पर स्वतंत्र कुमार सोनी, फैजान, शाहरुख अनीस, अभिषेक साहू को माल्यार्पण करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान कर मनोनीत करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। संचालन युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट आकाश सिंह भदौरिया ने किया। इस अवसर पर जय किशन, संदीप श्रीवास्तव, शिव प्रसाद, प्रेमदत्त उमराव, अनिल महाजन, संजय सिंह, विकास कश्यप सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# रिश्ते शर्मसार : साली को लेकर जीजा फरार

## – पत्नी से गुजरात जाने की बात कहकर घर से निकला

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। जिले से रिश्तों को शर्मशार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां कोई और नहीं बल्कि जीजा ही अपनी सगी साली को लेकर फरार हो गया। इस .त्य को आरोपी ने अपने बहनोई के साथ मिलकर अंजाम दिया। आरोपी की पत्नी ने इस मामले में पति समेत दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खखरेरू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। उसने बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के ही दामोदरपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद पासवान के साथ हुई है। बीते 23 नवंबर की सुबह 11 बजे राजेंद्र अपनी पत्नी से गुजरात प्रांत के सूरत शहर जाने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन सूरत न जाकर राजेंद्र थाना क्षेत्र के पचमई गांव में रहने वाले अपने बहनोई बचानी के घर पहुंच गया। बचानी ई–रिक्शा चालक है। राजेंद्र ने बहनोई को अपने ससुराल जाने के लिए कहा। इस पर बचानी ई रिक्शा लेकर राजेंद्र की ससुराल पहुंचा और उसकी 18 वर्षीय साली को लेकर सीधे अपने गांव पचमई पहुंचा और युवती को राजेंद्र के हवाले कर दिया। आरोप है कि यहां पर मौजूद राजेंद्र अपनी साली को साथ लेकर बीते बुधवार को भाग निकला। इतना ही नहीं घर में रखी लाखों की नगदी और जेवर भी आरोपी राजेन्द्र अपने साथ ले गया। थानाध्यक्ष विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व राज्यमंत्री की नातिन ने दिव्यांगो के साथ मनाया जन्मदिन

## – श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर जनपद का गौरव : राजबहादुर

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। श्री .ष्ण आदर्श विद्या मंदिर श्रवण बाधित एवं बौद्धिक अक्षमता दिव्यांग शैक्षिक व्यावसायिक एवं पुनर्वासन विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को अपनेपन का आभास कराने के लिए कि आप दुनिया में अकेले नहीं है ऐसा विचार कर पूर्व राज्यमंत्री



राज बहादुर ने अपनी नातिन प्रियांशी का जन्म दिवस दिव्यांग बच्चों के बीच जाकर धूमधाम से मनाया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बौद्धिक अक्षमता एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों को इस विद्यालय में बहुत ही अच्छी तरह से लिखाया–पढ़ाया जा रहा है एवं उपयुक्त देखरेख की जा रही है। यह दिव्यांग विद्यालय जनपद का गौरव है। प्रबंधक द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रियांशी ने दिव्यांग बच्चों के साथ संयुक्त रूप से केक काटकर अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने तालियां बजाकर हैप्पी बर्थडे टू यू बोलकर जन्मदिन की बधाई दी। प्रियांशी को अपने बीच पाकर सभी दिव्यांग बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान प्रियांशी ने दिव्यांग बच्चों को बिस्किट, टॉफी, चॉकलेट, मिठाई, नमकीन, फल, कॉपी, पेंसिल, रबड, कटर, पटरी, पेन, कलर, हेयर बैण्ड आदि उपहार भेट किया। इस अवसर पर राजेश यादव, प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह, सुमन देवी, सिंधु, सौम्या कुमारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में मचा कोहराम, अल्पसंख्यकों का जीना हुआ हराम

## – शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की रविवासरीय काव्य गोष्ठी संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 417 वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी



सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के पुजारी विजय कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए केपी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा– ज्ञानदायिनी, शारदे, नमन करो स्वीकार। माता, कंठ विराजिये, पावन करो विचार।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया– कर्म पर ही नर का अधिकार, उसी में निहित सदा पुरुषत्व। इसी से होता है उत्थान, इसी से पाता मनुज महत्व।। राम अवतार गुप्ता ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया– आज बांग्लादेश में मचा हुआ कोहराम। अल्पसंख्यकों का हुआ जीना वहां हराम।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये– नया वर्ष है, नई उमंगें, हो सबका हित औ कल्याण। शांति–प्रेम प्रभु, जग में फैले, भारत की हो ऊंची शान।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक मुक्तक के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किये– मंगलमय नववर्ष हो, बढ़ें हर्ष–उत्कर्ष। दुख–दरिद्रता दूर हों, मिटें शोक–संघर्ष।। कार्यक्रम के अंत में पुजारी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

# भोजन जन सेवा समिति ने बांटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। जनपद में हो रही कड़के की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए भोजन जन सेवा समिति विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविवार को शीतलहर को देखते हुए समिति के सहयोगी कंबल लेकर निकल पड़े। कड़कड़ती ठंड में कोई कंबल के बिना ठिठुरे नही सबसे पहले पहुंचे गढ़ीवा में आचार्य राम नारायण की सहायता ली और लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए असहाय व कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल दिए। इसके अलावा पीरनपुर, वर्मा चौराहा, विनोबा नगर के निराश्रित व्यक्तियों, महिलाओ को भी कंबल दिए गए। कंबल पाकर मायूस चेहरे खिले और समिति के पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया। ऐसी ठंड में कंबल गर्म कपडे और अलाव की ऐसे लोगो को बेहद जरूरत है। इससे इन लोगों को सर्दी से बचाव करने में काफी मदद मिलेगी। संस्था के कुमार शेखर ने कहा कि शहर के जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टाप या अन्य स्थानो पर कोई व्यक्ति यदि आपको ठण्ड से ठिठुरता दिखाई दे तो मानवता के नाते उसकी मदद करें और तुरन्त हमारे नम्बर पर फोन करके सूचना दे। जिससे उसे ठण्ड से बचाने के लिए समिति के द्वारा गर्म कपडे व कम्बल दिया जा सके। इस मौके पर अंकित वर्मा, नरेश गुप्ता, पवन द्विवेदी, मनीष केसरवानी, नरेश अग्रहरि, आचार्य रामनारायण, सुरेश कुमार, मनीष कुमार आदि रहे।

# गरीब झोपड़िया में पहुंच समिति ने दिए कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। युवा विकास समिति ने अल्लीपुर स्थित गरीब झोपड़िया में कड़कड़ती ठंड में लाचार, असहाय व दिहाड़ी मजदूरी करने वाले मजदूरों के बीच पहुंचकर कंबल व उनके बच्चों को जैकेट वितरण किया। संगठन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया है। जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी ने बताया कि गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। वहीं अन्य दिनों में बच्चों के लिए पाठ सामग्री का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में अंकित अग्निहोत्री, विकास मिश्रा मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाएंगे कर्पूरी ठाकुर की जयंती

## – सविता समाज ने बैठक कर बनाई रणनीति

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। सविता समाज की एक बैठक कचेहरी स्थित डा0 भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि एकजुट होकर जननायक की जयंती मनाई जाएगी। जिसकी जिम्मेदारियां भी समाज के लोगों को सौंपी गई। बैठक की अध्यक्षता शिव प्रसाद सविता ने की। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी 24 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती को इस बार ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सभी लोग एकजुट होकर बड़ा कार्यक्रम करेंगे। जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक में रजोल सेन, सुरेश चन्द्र सविता, छोटकू सविता, मनोज कुमार सविता, बृजेश कुमार, रामकिशोर, अशोक कुमार फौजी, कमला प्रसाद वर्मा, रामविशाल सविता, संजय सिंह सेन, मनोज प्रधान, अजय पाल सविता, ठाकुर मुकेश सविता, ठा0 सूरज सविता, शंकरलाल सविता भी मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरियापुर मजरे ऐरायां सादात में रविवार की सुबह घरेलू बिजली की चपेट में आ जाने से 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खजुरियापुर मजरे ऐरायां सादात गांव निवासी वीरेन्द्र का पुत्र पंकज के घर में आज सुबह अचानक आग लग गई। तभी वह आग बुझाने के लिए पानी लाने लगा। इसी बीच टीनशेड में लगे इंगल में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के जीजा राहुल कुमार ने दी है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )